<u>समाचार</u>

वार्ड क्र. 14 में महापौर ने किया राशन सामग्री किट का वितरण

कोरबा 06 अप्रैल 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने टी.पी.नगर जोनांतर्गत वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस में खुद पहुंचकर ऐसे हितग्राही परिवारों को जिनके पास राशन कार्ड उपलब्ध नहीं है, राशन सामग्री भी नहीं है तथा राशन के लिए पैसे भी नहीं है, उन्हें राशन सामग्री किट का वितरण किया। उन्होने बस्तीवासियों को आश्वस्त किया कि वे चिंता न करें, उनके हर सुख–दुख में हम साथ में है, उन्होने अपील की कि वे सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखें।

नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं नियंत्रण हेतु देश में लागू किए गए लाकडाउन के दौरान जरूरतमंद लोगों को भोजन खाद्यान्न की कमी न हों, उन्हें भूखा न रहना पड़े, इसके लिए नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा स्वयं के साथ–साथ विभिन्न संस्थाओं, सामाजिक संगठनों व दानदाताओं के सहयोग से जरूरतमंदों को राशन किट का वितरण व बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। निगम क्षेत्र के अन्य वार्डो के साथ–साथ वार्ड क्र. 14 में भी राशन सामग्री किट का वितरण किया गया, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने स्वयं वहां पहुंचकर जरूरतमंदों को राशन सामग्री किट प्रदान की। इस अवसर पर पूर्व एम.आई.सी. सदस्य रामगोपाल यादव, मनकराम साहू, एस.मूर्ति आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

<u>आज 1256 लोगों को राशन सामग्री किट, 3229 को बना हुआ भोजन</u>– लाकडाउन के दौरान कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति भूखा न रहे, उन्हे पर्याप्त खाद्य सामग्री एवं बना हुआ भोजन उपलब्ध हों, इस हेतु नगर निगम कोरबा विभिन्न संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों व दानदाताओं के सहयोग से पूरी मुस्तैदी के साथ डटा है। इस कार्य में स्वयंसेवी संस्थाएं, सामाजिक संगठन व दानदाता बढ़–चढ़कर अपना सहयोग दे रहे हैं, इसी कड़ी में आज 3229 व्यक्तियों को बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया गया, वहीं 1256 व्यक्तियों को निःशुल्क राशन सामग्री के किट का वितरण किया गया। बना हुआ भोजन उपलब्ध कराने में अग्रवाल समाज, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, गायत्री प्रज्ञापीठ, जैन समाज, छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी, पुलिस विभाग, आर्ट आफ लिविंग, संकल्प महिला

मण्डल, बंगाली कल्चरल एसोसिएशन काली मंदिर बालको, एक्ट आफ ह्यूमिनिटी, जंगली फैमिली कोरबा, अनंत इमेजिन वेलफेयर सोसायटी कोरबा द्वारा 3229 पैकेट बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया गया।